
# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## MLA HELP MANUAL


1- ऑनलाईन प्रश्नों की सूचनाएं प्रेषित करने के लिये सर्वप्रथम मा. सदस्य वेबसाईट की लिंक कर www.vidhansabha.cg.nic.in पर Click कर Log in हो सकते हैं ।

2- M.L.A. Log in में अपने निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक की पूर्ति करेंगे, तत्पश्चात् मा. सदस्य को उनके विधान सभा में पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर O.T.P. (One Time Password) प्राप्त होगा। इसकी सहायता से स्वयं का 08 Digit का New Password बना सकते हैं । जिसे उन्हें याद रखना होगा । New Password के निर्माण करने के पश्चात मा. सदस्य को New Password के माध्यम से पुनः Log in करना होगा। यदि माननीय सदस्य का मोबाईल नम्बर पंजीकृत नहीं है तो इस हेतु उन्हें अपना अधिकृत मोबाईल नम्बर पंजीकृत कराया जाना अनिवार्य होगा।


New Password की गोपनीयता की जिम्मेदारी स्वयं माननीय सदस्य की होगी । चूंकि उक्त Log in से प्राप्त होने वाली समस्त प्रश्नों की सूचनाएं मा.सदस्य के स्वयं के द्वारा प्रेषित की गई मानी जावेगी।



3- LOG IN करने के पश्चात कम्प्यूटर स्क्रीन में **Dashboard, Question Registration, Clarification, Question Answer, At a Glance, All Question** तथा **Logout** Menu दिखाई देंगे ।




4- मा. सदस्यों के द्वारा प्रश्नों की सूचनाएं विधान सभा में प्रेषण करने हेतु **Question Registration** Menu में जाकर प्रश्नों का प्रारूप (Draft) तैयार किया जा सकता है । ऐसे तैयार किए गए प्रारूप (Draft) **Dashboard** के प्रथम पैनल में दिखाई देंगे। प्रश्नों के ग्राह्यता संबंधी नियमों के अनुसार प्रश्न की 200 शब्दों की सीमा सुनिश्चित की गई है।



5– **Dashboard** में पॉंच पैनल दिखाई देंगे :-

A – **Draft Question / प्रश्नों का प्रारूपण** (प्रथम पैनल)

इस पैनल में जिन प्रश्नों को विधान सभा में प्रस्तुत करने हेतु प्रारूप (Draft) तैयार किया गया है वह दिखाई देंगे। उक्त तैयार प्रारूप प्रश्नों पर माननीय सदस्य आवश्यकता अनुसार सुधार Modify लिंक पर Click कर, कर सकते हैं।

इस पैनल में दृष्टव्य प्रश्न के सम्मुख दर्शित Submit पर Click करने पर उक्त प्रारूप प्रश्न द्वितीय पैनल Pending for Submission / पर दिखाई देंगे ।

B – **Pending for Submission / प्रेषण हेतु लंबित** (द्वितीय पैनल)

इस पैनल में दृष्टव्य प्रश्नों की सूचनाएं के समक्ष दर्शित Check Box को Select करने पर Sent to Vidhan Sabha का Button दिखाई देगा । उक्त Button में Click करने पर चयनित प्रश्न विधान सभा की ओर प्रेषित हो जाएंगे तथा तृतीय पैनल (Sent to Vidhan Sabha / विधान सभा को प्रेषित किए गए प्रश्न) में दिखाई देंगे । यहॉं पर एक अथवा एक से अधिक प्रश्नों को चयनित कर विधान सभा की ओर प्रेषित किया जा सकता है।

C – **Sent to Vidhan Sabha / विधान सभा को प्रेषित किए गए प्रश्न** (तृतीय पैनल)


जिन प्रश्नों की सूचनाएं इस पैनल में दृष्टव्य होंगी उन्हीं प्रश्नों की सचूनाएं विधान सभा सचिवालय को प्राप्त होंगी । लेकिन ऐसी प्राप्त प्रश्नों की सूचनाओं को विधान सभा सचिवालय द्वारा परीक्षण करने के उपरान्त ही पंजीकृत किया जावेगी। इस पैनल में दर्शित ''प्रश्नों की सूचनाएं'' के विवरण के अंतिम स्तंभ/कॉलम **'अद्यतन स्थिति'** में प्रश्न के **<u>Accepted</u>** एवं **<u>प्रश्न क्र.</u> प्राप्त होने पर ही प्रश्नों की अभिस्वीकृति सुनिश्चित मानी जावे।**

D – **Returned by Vidhan Sabha / विधान सभा से वापस किए गए प्रश्न** (चतुर्थ पैनल)

द्वितीय पैनल से प्रश्नों को विधान सभा सचिवालय में अंतिम रूप से प्रेषण के पूर्व कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न में आवश्यक विवरण यथा विभाग का नाम, बैठक का दिनांक, हिन्दी यूनीकोड फोन्ट, तारांकित/अतारांकित, प्रश्नों का प्रारूप (Draft) आदि विवरण की पूर्ति कर ली गई है । उक्त की पूर्ण रूप् से पूर्ति न होने पर विधान सभा सचिवालय द्वारा उक्त प्रश्न वापस (Return) कर दिया जावेगा। ऐसे प्रश्न जो विधान सभा द्वारा वापस कर दिए गए हों, वे इस चतुर्थ पैनल में दिखाई देंगे।

E – **Deleted Question / मिटाए गए प्रश्न** (पंचम पैनल)


इस पैनल में यदि कोई प्रारूप (Draft) तैयाए किए प्रश्नों को किया Delete जाता है अर्थात प्रथम एवं द्वितीय पैनल से हटाया जाता है तो वह प्रश्न इस पैनल में दर्शित होंगे।




6- **Clarification** Menu में यदि किसी प्रश्न पर विधान सभा द्वारा स्पष्टीकरण चाहा गया हो तो ऐसे प्रश्नों की सूचनाएं दर्शित होंगी, जिसे मा. सदस्य द्वारा स्पष्ट कर पुनः विधान सभा सचिवालय को अग्रेषित किया जा सकता है।




7– **Question Answer** Menu में विधान सभा द्वारा ग्राह्य विभाग की ओर प्रेषित प्रश्नों के उत्तर यदि प्राप्त हो गए हों तो, दृष्टव्य होंगे ।





8– **At a Glance** Menu में चालू सत्र हेतु प्रस्तुत किए गए प्रश्नों की सूचनाओं का पूर्ण विवरण दर्शित होगा।



9- **All Question** Menu में संबंधित माननीय सदस्य द्वारा विगत सत्रों में प्रेषित प्रश्नों की सूचनाओं का विवरण दर्शित होगा।




10- **Password Change** Menu के माध्यम से आवश्यकता अनुसार Password में परिर्वतन किया जा सकता है।




11- प्रश्नों के ऑनलाईन प्रेषण में तकनीकी समस्या आने पर दूरभाष क्रमांक 0771 - 2285743 अथवा 2285706 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।